(Pages : 4)

ST. THOMAS COLLEGE LIBRARY

R – 3219

Reg. No. : .....

Name : .....

Second Semester B.Com. Degree Examination, September 2023

First Degree Programme Under CBCSS

Language Course : Additional Language-Hindi

HN 1211.2 – HINDI KAVITA, ANUVAD AUR PARIBHASHIK SABDAVALI

(2020 Admission Onwards)

Time : 3 Hours

Max. Marks : 80

I. निर्देश : एक या दो वाक्यों में उत्तर लिखिए।

1. कबीर के गुरु कौन हैं?

2. दिनकरजी की प्रमुख कृतियाँ।

3. विधवा के साथ किसने घोर और कठोर अत्याचार किया?

4. 'Minutes' – का हिंदी पारिभाषिक शब्द लिखिए।

5. 'यह मनुज' किसकी कविता है?

6. सूरदास का जन्म कहाँ हुआ?

7. "बड़े-बड़ों की नज़रों में तो
धन का एक यंत्र भी है" यह किस कविता की पंक्ति है? यहाँ धन का यंत्र कौन है?

8. हिंदी कविता में मुक्त छंद के प्रवर्तन करने का श्रेय किसको है?

P.T.O.

9. 'नौकरशाही' का अंग्रेज़ी शब्द लिखिए।

10. "देह ही लडती नहीं है, जूझते मन-प्राण
साथ होते ध्वंस में इसके कला-विज्ञान" - यह किस कविता की पंक्तियाँ हैं?
रचयिता कौन है?

(10 × 1 = 10 Marks)

II. निर्देश : किन्हीं आठ प्रश्नों के उत्तर दो या तीन वाक्यों में लिखिए।

11. अपने नाविक से कहाँ ले जाने को कवि कहते हैं?

12. विधवा अपने आपको दुनिया की नज़रों से बचाने का प्रयास करती है। क्यों?

13. 'समझौता' और 'ठेकेदार' का हिंदी रूप क्या है?

14. कबीर की वाणियों के संग्रह का नाम क्या है? उसके कितने भाग हैं? नाम लिखिए।

15. अपनी सतसई की निर्विघ्न पूर्ती के लिए कवि बिहारी की प्रार्थना व्यक्त कीजिए।

16. 'Editor' और 'Grant' के हिंदी रूप क्या है?

17. 'यह मनुज' कविता का सन्देश क्या है?

18. बिहारीलाल अपने सर्वश्रेष्ठ धन के रूप में किसको माना है? उस धन की विशेषता क्या है?

19. एकलव्य ने गुरु के चरणों में क्या-क्या चढ़े दिए?

20. "वह इष्टदेव के मंदिर की पूजा सी
वह दीप शिखा सी शांत भाव में लीन
वह क्रूर काल तांडव की स्मृति रेखा सी" – अर्थ स्पष्ट कीजिए।

21. 'जो व्यक्ति राम से अलग होता है फिर मिलन असंभव है'। इसके संबंध में कबीरदासजी ने क्या कहा है?

22. कृष्ण वियोग में दुखी गोकुलवासियों का वर्णन स्पष्ट कीजिए।

(8 × 2 = 16 Marks)

III. निर्देश : किन्हीं छः प्रश्नों के उत्तर करीब 120 शब्दों में लिखिए।

(प्रत्येक खंड से एक-एक सवाल का उत्तर अनिवार्य है)

खंड (क)

23. श्रीकृष्ण के लीलापूर्ण तर्क और माता यशोदा के वात्सल्य को सूरदासजी ने कैसे स्पष्ट किया है?

24. मानव की पहचान एवं परिचय सही अर्थ में क्या-क्या होने चाहिए?

25. "माला फेरत जग मुआ, मिटा न मनका फेर
कर का मनका डार दे, मन का मनका फेर" अर्थ स्पष्ट कीजिए।

खंड (ख)

26. हिंदी पारिभाषिक शब्द लिखिए।
Liability, Pay scale, Enclosure, Follow up

27. अंग्रेजी पारिभाषिक शब्द लिखिए।
मनोनीत, मुआवजा, संशोधन, भत्ता

खंड (ग)

हिंदी में अनुवाद कीजिए।

28. There is an incident which occurred at an examination during first year at the High Schools, which is worth recording. Mr. Giles, the Educational Inspector had come on a visit of inspection. He had set up five words to write as a spelling exercise. One of the words was 'Kettle'. I had misspelt it. It would not be prompted. It was beyond me to see that he wanted me to copy the spelling from my neighbour's state, for I thought that the teacher was there to supervise us against copying.
(Inspection – जांच, spelling exercise – हिज्जे का अभ्यास, copy – नकल करना)

29. Vidyasagar was very generous and charitable man. From his earliest years he helped the poor and needy to the utmost of his power. As a boy at school, he often gave the food he had to eat to another boy who had none. If one of his school fellows fell ill little Eashwar would go to his house sit by his bed and nurse him. His name became a household word in Bengal. Rich and poor, high and low, all loved him alike. No beggar ever asked him for relief in vain.
(generous – उदार, charitable – दानशील, needy – ज़रूरतमंद)

अंग्रेजी में अनुवाद कीजिए।

30. मुकुट एक प्राचीन वस्तु है और उसको सिर पर पहनना आदर और शान का चिह्न माना जाता है। प्राचीन काल में भी जब मनुष्य असभ्यों की तरह जीवन व्यतीत करते थे और कपड़ों का ठीक उपयोग भी नहीं जानते थे किसी जाति का नेता अपने सिर को लचक हार टहनियों, पत्तों और फूलों के बने गोलाकार मुकुट से सजाया करता था। यूनानियों में एक यह प्रथा थी कि अगर कोई वीर वीरतापूर्ण काम करके आया तब उसके सिर पर ताड़ के पत्र की सजावट से उसका आदर किया जाता था। कुछ ऐतिहासिकों का यह विचार है कि बाबिलोन के राजा निमरोड़ ही पहला मुकुटधारी राजा है।

(लचक – soft, टहनियां – twigs, यूनानि – greek, ताड़ – borassus plant)

31. एक गरीब वृद्धा अपने खूबसूरत लड़के के साथ जंगल की सीमा में एक छोटी किन्तु साफसुथरी झोपड़ी में रहती आयी। उसके लड़के के न तो कोई भाई था न कोई बहन। वह पौधों को अपने भाई और लताओं को अपनी बहन मानता आया। जाड़े में जब आटा महंगा पड़ने लगा तो माता को अपनी और बेटे की जीविका का निर्वाह कठिन मालूम पड़ने लगा। माता की यह दुर्दशा देखकर लड़के ने सोचा कि वह बन जाकर गुप्त निधि का पता लगाएगा और पा सका तो उसको माता को देगा। उसने माता के मुख से अनेकों परियों की कहानियाँ सुनी थी और उसकी आशा थी कोई दयालू परी उसकी सहायता ज़रूर करेगी।

(जीविका – living, परी – fairy)

(6 × 4 = 24 Marks)

IV. निर्देश : किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर करीब 250 शब्दों में लिखिए।

32. सूरदास की कृष्ण भक्ति स्पष्ट कीजिए।

33. 'विधवा' कविता में चित्रित नारी की दुर्दशा का वर्णन कीजिए।

34. 'एकलव्य' कविता में चित्रित एकलव्य की समर्पण भावना एवं गुरु की अमानवीयता पर प्रकाश डालिए।

35. 'बंद खिडकियों से टकराकर' कविता की समीक्षा कीजिए।

(2 × 15 = 30 Marks)
